PRINTED MATTER

If Undelivered Please Return to :
Bhopal Punjabi Samaj, Near Capital Petrol Pump
Raisen Road, Bhopal - 462023 (M.P.)

RNI No. : MPBIL/2010/36207

Printed Matter/Book Post
See Postal Tariff Card Item 7-C
For Every 100 Grams
of Fraction Rs. 1.00/-

# भोपाल पंजाबी समाज

दिसम्बर 2025 | ਭੋਪਾਲ ਪੰਜਾਬੀ ਸਮਾਜ | समाचार पत्र

वर्ष - 11 अंक - 5 मुख्य सम्पादक : संजीव सचदेव प्रधान सम्पादक : इन्द्रपाल सिंह गुलाटी सम्पादक : मुकेश सचदेवा पृष्ठ - 4

## अध्यक्ष की कलम से





सभी माननीय सदस्यों और उनके परिवारजनों को मेरा नमस्कार और सत श्री अकाल।

वर्षाकाल के सुहाने मौसम के बाद सर्दी के मौसम का आगमन भी हो गया है। पिछले 1 -2 महीनों में हमारे कुछ बड़े विशेष और पवित्र त्योहार जैसे दशहरा, दीपावली, गुरु नानक जयंती भी थी। हम सभी ने मिलजुल कर अपने ईश्वर और वाहे गुरु की वंदना की तथा इन त्योहारों का आनंद उठाया। त्योहारों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। इनसे न केवल समाज में परस्पर प्रेमभाव, सौहार्द और भाईचारे की भावना बढ़ती है बल्कि जीवन में एक नयी स्फूर्ति का भी संचार होता है तथा हम एक नयी ऊर्जा के साथ फिर अपने अपने कार्यों में सक्रिय हो जाते हैं।

भोपाल पंजाबी समाज द्वारा 26 अक्टूबर 2025 को एक स्नेह सम्मेलन ( पिकनिक ) का आयोजन केरवा डैम पिकनिक स्पॉट पर किया। सुहाने मौसम और मंद मंद फुहारों के बीच सभी ने पिकनिक का आनंद लिया। नाश्ता, सुस्वादु लंच एवं शाम की चाय के बीच गीत संगीत, क्विज, हाउजी और लक्की ड्रा में सबने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

शासकीय काटजू अस्पताल में समाज द्वारा दैनिक प्रातः आहार सेवा लगातार जारी है। मरीजों और उनके परिजनों को रोजाना सुबह दूध, दलिया और फलों का वितरण हो रहा है। कैपिटल पेट्रोल पंप, पटेल नगर पर हमारे ऊर्जावान सचिव श्री इंदरपाल गुलाटी जी के सौजन्य से नेकी के घर में गतिविधियां सुचारू रूप से चल रही हैं। जिसमें जरूरतमंदों के लिए पुराने वस्त्र, गरम कपड़े, किताबें, जूते व अन्य घरेलू सामान मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है। लगभग सभी परिवारों में ऐसे सामान अवश्य होते हैं जो हमारी नजर में गैर जरूरी हो चुके होते हैं पर अच्छी स्थिति में होते है लेकिन हम उनका उपयोग नहीं करते हैं। सभी सदस्यों से अनुरोध है कि आप भी इस नेकी के घर में इस तरह के सामान को दान स्वरूप दे सकते हैं।

परिचय सम्मेलन का आयोजन रविवार, 14 दिसम्बर 2025 को किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि अपने विवाह योग्य पुत्र पुत्रियों का रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

आप सब अपना ख्याल रखें, प्रसन्न रहें व स्वस्थ रहें।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ !

आपका
**संजीव सचदेव**

## 30वें युवक एवं युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियां

**चेयरमैन : सरदार मोहन सिंह कालरा, को चेयरमैन : कर्नल (रिटा.) हेमन्त कक्कड़**

भोपाल। भोपाल पंजाबी समाज द्वारा अपना एक दिवसीय 30वां युवक एवं युवती परिचय सम्मेलन दिनांक 14 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 9.00 बजे से गुरुद्वारा नानकसर हमीदिया रोड भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। पंजाबी समाज के परिवारों के वैवाहिक रिश्ते जोड़ने में मदद करने के लिए भोपाल पंजाबी समाज का यह सम्मेलन एक सशक्त माध्यम है। विगत 29 सम्मेलनों में भोपाल पंजाबी समाज विवाह योग्य युवक एवं युवतियों को वैवाहिक गठबंधन में बंधने में सकारात्मकभूमिका निभा चुका है। इसी कड़ी में यह आगामी परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से अपना जीवन साथी ढूंढ रहे युवक एवं युवतियों को एक ही स्थान पर अनेक योग्य एवं मनचाहे रिश्ते मिल जाते हैं तथा आगे की बातचीत प्रारंभ हो जाती है। विधवाओं और विधुरों को भी समाज योग्य जीवन साथी ढूंढने में मदद करता है।

इस परिचय सम्मेलन में अविवाहित उम्मीदवार के साथ उनके अभिभावकों का होना आवश्यक है। शहर के बाहर से आ रहे युवक युवतियों एवं उनके अभिभावकों के लिए निःशुल्क रहने की व्यवस्था गुरुद्वारे द्वारा सेवा के रूप में की जाती है।

समाज द्वारा आयोजकों एवं प्रतिभागियों के लिए चाय, सुबह का नाश्ता एवं दोपहर की भोजन व्यवस्था का प्रबंध किया गया है। प्रतिभागियों का पंजीयन सम्मेलन वाले दिन भी हो सकेगा किन्तु समाज का यह अनुरोध है कि सम्मेलन स्थल पर आने से पूर्व अपना पंजीयन करवा लें जिससे हमें कार्यक्रम को बेहतर तरीके से संयोजित करने में मदद मिलती है। पंजीयन कराने हेतु सुश्री शशि वैद 9303079446 या सुश्री संध्या पुरी 9425012928 से संपर्क कर पंजीयन करवाया जा सकता है। नये पंजीयन की फीस 1500/- रुपये है जिसमें प्रतिभागी एवं उनके दो अभिभावकों के नाश्ते तथा भोजन का भुगतान सम्मिलित है। पंजीयन के साथ प्रतिभागी का बायो डाटा एवं 7"x5" की 2 रंगीन फोटोग्राफ देना अनिवार्य है। भुगतान हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट भोपाल पंजाबी समाज के नाम पर बनाया जा सकता है अथवा इस समाचार पत्र में दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके किया जा सकता है।

समाज का कार्य प्रतिभागियों एवं उनके परिवारों को आपस में मिलवाने का है। किसी भी प्रतिभागी के बारे में गलत जानकारी पाये जाने पर पंजाबी समाज की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

अगर आपके बच्चों का रिश्ता तय हो जाता है तो समाज को इसकी सूचना देने का कष्ट करें, ताकि समाज अपने रिकार्ड में अंकित कर सके। इस सम्मेलन में पंजाबी हिन्दू तथा सिख प्रतिभागी अपने अभिभावकों के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। समाज द्वारा पंजीयन के बाद हर संभव सहायता एवं सुझाव प्रदान किये जायेंगे। हम अपने परिचय सम्मेलन की जानकारी सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से देश-विदेश में पहुंचा रहे हैं। अगर आप सम्मिलित नहीं हो पा रहे किन्तु पंजीयन करवाना चाहते हैं तो प्रतिभागी का बायो-डाटा, 7"x5" की दो रंगीन फोटो और 1500/ रुपये का पंजीयन शुल्क डी. डी. अथवा ऑनलाइन/क्यू आर कोड के माध्यम से भोपाल पंजाबी समाज मैरिज ब्यूरो, कैपिटल पेट्रोल पंप, गुरुनानकपुरा, रायसेन रोड, भोपाल पर डाक अथवा कोरियर से भी भेज सकते हैं।

## सदस्यता अभियान

भोपाल पंजाबी समाज को मज़बूती प्रदान करने के लिये समाज के आजीवन सदस्य बनें।

## भोपाल पंजाबी समाज का आयोजन

## 30 वां युवक एवं युवती परिचय सम्मेलन

चेयरमैन : सरदार मोहन सिंह कालरा, को चेयरमैन : ( रि. ) कर्नल हेमन्त कक्कड़



**स्थान : गुरुद्वारा नानकसर, हमीदिया रोड, भोपाल**
**समय : प्रातः 9.00 बजे से**

**रविवार 14 दिसम्बर 2025**

# स्नेह सम्मलेन अत्यंत सफलता पूर्वक सम्पन्न

भोपाल पंजाबी समाज द्वारा 26 अक्टूबर, रविवार को केरवा डैम के सुंदर पिकनिक स्थल पर स्नेह सम्मेलन ( पिकनिक ) का आयोजन किया गया। हलकी फुहारों ने पिकनिक का मजा दुगना कर दिया। समाज के लगभग 300 सदस्यों व उनके परिवारजनों ने पिकनिक का भरपूर आनद लिया। इस आयोजन के चेयरमैन सरदार रंजीत सिंह कालरा और को - चेयरमैन सरदार राजिंदर सिंह नारंग थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अथक प्रयास किये।

स्नेह सम्मेलन में सुबह का नाश्ता व चाय, दोपहर के स्वादिष्ट भोजन तथा शाम की चाय की उत्तम व्यवस्था की गयी। सबसे पहले समाज के अध्यक्ष श्री संजीव सचदेव ने सभी पधारे अतिथिओं का स्वागत किया व समाज के द्वारा की जा रही गतिविधिओं की जानकारी दी। महिला विंग की अध्यक्षा श्रीमती सविता शाह ने भी सभी उपस्थित मेहमानों का स्वागत किया। महिला विंग की सचिव श्रीमती स्वीटी सेठी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बागडोर संभाल रखी थी। उन्होंने क्विज तथा हाउजी से सभी का खूब मनोरंजन किया। कैटरिंग व्यवस्था का जिम्मा श्री सुनीत गंभीर ने बखूबी निभाया। श्री सलूजा, कर्नल( रि. ) हेमंत कक्कड़, श्री संजीव पुरी, श्रीमती रानो सांखो ने कुछ उम्दा गीत सुनाये। अंत में तीन लकी ड्रा निकाले गए तथा विजयी रहे साथियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक सरदार कुलदीप सिंह गुलाटी, श्री जसबीर सिंह तथा अधिकांश बोर्ड मेंबर्स भी उपस्थित थे।
























भोपाल पंजाबी समाज द्वारा

## लोहड़ी मेला

रविवार, 18 जनवरी 2026

समय : सायं 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक

नर्मदा क्लब, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पीछे, भोपाल

संयोजक : स. नरेन्द्र सिंह जग्गी, सह संयोजक : श्री सुनीत गंभीर

आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

